Title: Need to link Agra with other important cities in the country by introducing more trains- Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद): अध्यक्ष महोदय, आगरा ऐतिहासिक नगर होने के साथ साथ औद्योगिक, व्यवसायिक एवं दर्शनीय शहर भी है। हजारों लोग देश विदेश से दिन प्रतिदिन इस शहर में आते हैं और यहां से जाते हैं। किंतु, इस शहर से यातायात की व्यवस्था आवश्यकतानुसार नहीं है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इस शहर से रेल यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और आवश्यकतानुसार विकसित किया जाये और इस हेतु निम्न व्यवस्था रेल मंत्रालय को तुरंत करनी आ वश्यक है।

1. चार साल पूर्व स्वीकृत रेल मंडल को दर्जा देने के लिए तुरंत कार्यवाही।
2. आगरा मुम्बई के बीच द्रुत गति की रेलगाड़ी चलाना।
3. जोधपुर-हावड़ा वाया आगरा यात्री रेलगाड़ी में आगरा से आरक्षण कोटा नियत करना।
4. आगरा-इलाहाबाद के बीच द्रुत गति की रेलगाड़ी चलाना।
5. आगरा-बांदीकुंई के बीच आमान परिवर्तन कार्य को तुरंत पूरा करना।
6. बांद्रा से गोरखपुर वाया आगरा चलने वाली अवध एक्सप्रेस में आगरा से आरक्षण कोटा तय करना।
7. दिल्ली-आगरा के मध्य जन शताब्दी रेलगाड़ी चलाना।
8. जयपुर-आगरा के मध्य जन शताब्दी चलाना।